# महोबा पुलिस

दिनांक- 26.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 624/26

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 26.08.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



**महोबा पुलिस**

दिनांक- 26.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 625/26

# भारी बारिश के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर, जलभराव वाले क्षेत्रों में स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा।

- जनपद महोबा में दिनांक 25..08.2026 से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण विभिन्न स्थानों पर उत्पन्न जलभराव की स्थिति को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में पुलिस प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर निरंतर सतर्कता बरती जा रही है।

- इसी क्रम में आज दिनांक 26.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह, अपर जिलाधिकारी श्री इन्द्रनन्दन सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा मुख्यालय महोबा के बजरंग चौक, लौड़ी रोड, बजरिया, आलमपुरा सहित विभिन्न जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा मौके की स्थिति का जायजा लिया गया।

- इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया कि जहां-जहां सड़क मार्ग पर जलभराव के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है, वहां आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग एवं उचित डायवर्जन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना अथवा जनहानि की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा आमजन को सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक प्रबंध किए जाने के निर्देश दिए गए।

- संभावित आपात स्थिति को देखते हुए गोताखोरों एवं तैराकी में निपुण व्यक्तियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया जा सके। पुलिस टीमों को जलभराव वाले क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर स्थिति पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने तथा किसी भी आपात सूचना पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

- इसी क्रम में पुलिस प्रशासन द्वारा नगर पालिका परिषद महोबा के सहयोग से जल निकासी हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जा रही हैं। जलभराव वाले क्षेत्रों में आवागमन को सुचारु करने, नालियों एवं जल निकासी मार्गों को व्यवस्थित कराने, संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ाने हेतु आवश्यकतानुसार समन्वित कार्रवाई की जा रही है।

- पुलिस प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें, बच्चों को ऐसे स्थानों के आसपास न जाने दें तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तत्काल पुलिस/प्रशासन को सूचित करें। अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।



**दिनांक- 26.08.2026**

**प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 627/26**

# महोबा पुलिस

## बरावफात पर्व के दृष्टिगत जनपद महोबा में व्यापक पुलिस प्रबन्ध, अधिकारियों द्वारा ड्यूटी में लगे पुलिस बल की ब्रीफिंग कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में बरावफात पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु समुचित पुलिस प्रबन्ध किया गया है। पर्व के दौरान निकलने वाले -जुलूसों एवं अन्य कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस एवं प्रशासन द्वारा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।
- इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार द्वारा थाना कुलपहाड़ एवं थाना पनवाड़ी में बरावफात जुलूस/ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों की ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग के दौरान सभी पुलिसकर्मियों को अपने निर्धारित ड्यूटी प्वाइंट पर समय से उपस्थित रहने, जुलूस के निर्धारित मार्ग पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने, भीड़ एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।
- इसी प्रकार क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड द्वारा कोतवाली नगर महोबा में बरावफात पर्व की ड्यूटी में लगे पुलिस बल की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस बल को जुलूस के दौरान लगातार सतर्क एवं मुस्तैद रहने, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने, असामाजिक एवं अराजक तत्वों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने तथा जुलूस में शामिल लोगों के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
- बरावफात पर्व के दृष्टिगत जनपद के महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानों, जुलूस मार्गों, धार्मिक स्थलों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण एवं निगरानी की जा रही है। ड्रोन/सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से भी आवश्यकतानुसार निगरानी रखी जा रही है।
- पुलिस बल को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा किसी भी सूचना अथवा आकस्मिक परिस्थिति पर तत्काल मौके पर पहुंचकर प्रभावी एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
- पुलिस एवं प्रशासन की सतर्कता तथा आपसी समन्वय के साथ बरावफात जुलूस को निर्धारित मार्ग एवं निर्धारित व्यवस्थाओं के अनुसार शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराया जा रहा है।



